राज्यपाल सचिवालय

राजभवन] जयपुर

पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा के तृतीय अधिवेषन का सत्रावसान

जयपुर] 14 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आज एक आदेश जारी कर पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा के तृतीय अधिवेशन का सत्रावसान कर दिया है। इस सम्बंध में राजस्थान विधानसभा सचिवालय द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई है।

राज्यपाल श्री् कलराज मिश्र ने शनिवार को मेहन्दीपुर बालाजी में दर्शन किये

बालाजी] भैरव व प्रेतराज महाराज की पूजा कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की

जयपुर] 14 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने शनिवार को दौसा में मेहन्दीपुर बालाजी] भैरव व प्रेतराज महाराज के दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

मेहन्दीपुर बालाजी मे राज्यपाल ने सपरिवार बालाजी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर प्रदेश के पर्यटन मंत्री श्री विश्वेन्द्र सिंह सहित अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

स्वच्छता के निर्देश दिये - राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंदिर में उपस्थित अधिकारियों को मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह स्थान पर्यटन व तीर्थ दोनों ही दृष्टि से महत्वपूर्ण है। श्री मिश्र ने कहा कि पर्यटकों को यहां आकर्षित करने के लिए इस स्थान को स्वच्छ रखा जाना आवश्यक है।

राज्यपाल ने राजभवन में स्वच्छता का निरीक्षण किया

जयपुर] 14 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शनिवार को प्रातः यहां राजभवन परिसर में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता का निरीक्षण किया।

- - -

डॉ लोकेश चन्द्र शर्मा

सहायक निदेशक (जनसम्पर्क] राज्यपाल